Regarding need for enhanced compensation and relief for cloudburst victims in Uttarkashi district, Uttarakhand- Laid

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) **:** मैं सरकार का ध्यान अभी हाल में 5 अगस्त को गंगोत्री क्षेत्र के धराली गांव में आई भीषण आपदा की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । उत्तराखंड प्रदेश में सभी पहाड़ी जिलों में आए दिन बादल फटने की घटानाओं से लोगों को भारी जान और माल दोनों का नुकसान हो रहा है । धराली गांव लगभग समाप्त हो चुका है जो मलबे में दफन हो चुका है । मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जाये । आपदा में जो लोग अपने परिजनों, भवन, होटल, दुकान व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गँवा चुके हैं, उनको प्रचलित राष्ट्रीय आपदा मानकों से बढ़ाकर मुआवजा दिया जाए ।